''(रशीद अहमद गंगोही ने) एक बार इर्शाद फ़रमाया कि ज़ामिन अली जलालाबादी की सहारनपुर में बहुत रन्डियाँ, मुरीद थीं। एक बार ये सहारनपुर में किसी रन्डी (तवायफ) के मकान में ठहरे हुए थे। सब मुरीदनियाँ अपने मियाँ साहब की ज़ियारत के लिये हाज़िर हुईं। मगर एक रन्डी नहीं आई। मियाँ साहब बोले कि फलानी क्यूँ नहीं आई (पीर साहब को एक–एक रन्डी की खबर थी) रन्डियों नें जबाब दिया कि मियाँ साहब हमने उसे बहुतेरा कहा कि चल, मियाँ साहब की ज़ियारत को। उसने कहा–मैं बहुत गुनहगार हूँ, मियाँ साहब को क्या मुँह दिखाउँगी। मैं जियारत के क़ाबिल नहीं। मियाँ साहब ने कहा–नही जी ! तुम उसे हमारे पास ज़रूर लाना। चुनाँचे रन्डियाँ उसे लेकर आईं, जब वह सामने आई, तो मियाँ साहब ने पूछा–बी तुम क्यूँ नहीं आईं थीं ? उसने कहा–हज़रत रूसियाही की वजह से ज़ियारत को आती हुई शरमाती हूँ। मियाँ साहब बोले बी तुम क्यूँ शरमाती हो, करने वाला कौन और कराने वाला कौन वह तो वही है (यानी अल्लाह तआ़ला)। रण्डी ये सुनकर आग हो गई और ख़फ़ा

होकर कहा ला हव्ला वला कुव्वता अगरचे, मैं रूसियाह और गुनाहगार हूँ मगर ऐसे पीर के मुँह पर पेशाब भी नहीं करती। मियाँ साहब तो शर्मिन्दा होकर सर निगूँ रह गये और वह उठकर चल दी। (तज़किरतुर्रशीद, जिल्द–2, सफ़ा–242)

तब्सरह : उलमा ए देवबन्द के पीरों की करतूत ऐसी है तो आम अवाम का क्या हाल होगा ? इससे आप इनके मौलवियों के ज़ाहिर और बातिन का अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि ये अक़ाइद में ही नहीं, आ़माल में भी दोग़ले हैं। ''हाथी के दाँत ख़ाने के और, और दिखाने के और।''

57 रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम राह से भटके हुए

और पाया तुझको (नबीए करीम को) भटकता, फिर राह समझाई (तर्जुमा : .क़ुरआ़न सूरह–वद्दुहा, आयत–7 अज़ महमूदुल हसन देवबन्दी)

तब्सरह देखिए अक़ीदा नं. 42

58 रशीद अहमद गंगोही कमालात में ईसा अलैहिस्सलाम से आगे थे

महमूदुल हसन देवबन्दी, रशीद अहमद गंगोही के बारे में लिखता है कि ''मुर्दों को ज़िन्दा किया और ज़िन्दो को मरने न दिया इस मसीहाई को देखें इब्ने मरियम'' (मर्शिया गंगोही सफ़ा–23 मतबुआ कुतुबखाना रहीमिया देवबन्द तहरीर : महमूदुल हसन देवबन्दी)

तब्सरह : इस शेर मे महमूदुल हसन देवबन्दी ने इब्ने मरियम हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम को रशीद अहमद गंगोही की मसीहाई को दिखाते हुए फरमाया है, कि ऐ इब्ने मरियम तुमने सिर्फ एक काम किए और हमारे रशीद अहमद ने दो काम क़िए मुर्दों को ज़िन्दा भी किया और ज़िन्दों को मरने नहीं दिया। मआज़–अल्लाह। किस क़दर ग़ुस्ताख़ी है, हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम की शान मे।

59 गंगोही ख़ुदा की मिस्ल या रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मिस्ल

''ज़बान पर अहला अहवा की है क्यूँ ऊल बुबूल शायद उठा आलम से कोई बानी इस्लाम का सानी'' (मर्शिया गंगोही सफ़ा–5 तहरीर : महमूदुल हसन देवबन्दी)

तब्सरह इस शेर में मौलवी महमूदुल हसन ने रशीद अहमद गंगोही को बानी इस्लाम का सानी (मिस्ल या दूसरे इस्लाम का Founder) लिखा है और ये भी कहा है कि उनकी मौत के वक़्त ऊल बुबुल के नारे बुलन्द हुए। अब गौर तलब बात ये है कि देवबन्दी मज़हब में बानी इस्लाम अल्लाह तआ़ला है, जैसा कि अशरफ़ अली थानवी ने अपने वाज़ ज़िक्ररूर्रसूल मतबुआ कानपुर, सफ़ा–22 पर लिखा है कि बानी इस्लाम ख़ुदाए तआ़ला है तो मालूम हुआ कि देवबन्दियों के नज़दीक रशीद अहमद गंगोही ख़ुदा की मिस्ल है और थानवी से इख़्तिलाफ़ करके बानीए इस्लाम से रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम मुराद लें तो गंगोही जी कम–अज़–कम दूसरे रसूल हूए या मिस्ल रसूल हुए।

60 गंगोही की क़ब्र मिस्ले दूर है और वह खुद ख़ुदा है

महमूदुल हसन देवबन्दी, रशीद अहमद गंगोही के बारे में लिखता है ''तुम्हारी तुर्बते अनवर को देकर तूर से तशवीह, कहूँ हूँ बार–बारानी मेरी देखी भी नादानी'' (मर्शिया गंगोही, सफ़ा–13 तहरीर : महमूदुल हसन देवबन्दी)

तब्सरह : महमूदुल हसन देवबन्दी ने जब रशीद अहमद गंगोही को मुरब्बी–ए–खलाइक माना ओर बानिए इस्लाम का सानी कहा तो उनकी क़ब्र को तूर से तशबीह देकर ख़ुद अरनी कहने वाला मूसा बने और गंगोही को ख़ुदा बनाया।

61 गंगोही का हुक्म खुदा के हुक्म से भारी है

महमूदुल हसन देवबन्दी, रशीद अहमद गंगोही के बारे लिखता है– ''न रूका, पर न रूका, पर न रूका, पर न रूका .... उसका जो हुक्म जो हुक्म था, था क़ज़ाए मबरम'' (मर्शिया गंगोही, सफ़ा–22 मतबुआ कुतुबखाना रहीमिया देवबंद, तहरीर : महमूदुल हसन देवबन्दी)
तब्सरह : इस शेर में महमूदुल हसन देवबन्दी ने गंगोही के हर हुक्म को क़ज़ाए मुबरम की तलवार लिखा। याद रहे क़ज़ाए इला की दो क़िस्में है एक क़ज़ाए मुबरम, दुसरी क़ज़ाए मुअ़ल्लक़। क़ज़ाए मुबरम, वो हुक्मे इलाही है जो किसी के टाले न टले और किसी दुआ व इल्तेजा वग़ैरह से रद न हो। और क़ज़ाए मुअ़ल्लक़ वो हुक्मे इलाही है, कि किसी और पर उसकी तालीक़ हो, वो हुक्मे इलाही, दुआ वग़ैरह से रूक जाता है यानी हुक्मे इलाही दो क़िस्म की है। एक वो जो दुआ वग़ैरह से रूक जाता है और दूसरे नही रूकता और हुक्मे इलाही दुआ वग़ैरह से नहीं रूकता उसका नाम क़ज़ाए मबरम है और देवबंदियों के ''शैख़ुल हिन्द'' ने लिखा कि ख़ुदा का वह हुक्म जो दोआ व इल्तिजा से नहीं रूकता, रशीद अहमद गंगोही का हुक्म उसकी भी तलवार है, यानी रशीद गंगोही का हुक्म कोई टाल और काट नहीं सकता।

62 गंगोही की गुलामी इस्लाम का तमग़ा है

महमूदुल हसन देवबन्दी, रशीद अहमद गंगोही के बारे में लिखता है ''ज़माने ने दिया इस्लाम को दिया दाग़ उसकी फ़ुरकत का .... कि था दाग़े ग़ुलामी जिसका तमग़ाए मुसलमानी'' (मर्शिया गंगोही सफ़ा'–5)
तब्सरह :यानी रशीद अहमद गंगोही की ग़ुलामी के दाग़ को मुसलमानी का तमग़ा क़रार दिया गया है यानी जिसको उनकी गुलामी का दाग़ लग गया वो मुसलमान हुआ और जिसको गुलामी का दाग़ नही लगा वो मुसलमानी के तमग़े से महरूम रहा। दूसरे अल्फ़ाज में मुसलमान होने के लिए गंगोही की ग़ुलामी लाज़िमी है।

63 गंगोही मसीहाने ज़माँ था

महमूदुल हसन देवबन्दी 'अपने गंगोही' के बारे में लिखता है मसीहाने ज़माँ पहुँचा फ़लक पर छोड़कर सबको .... छुवा चाहे लहद में वारे क़िस्मत माहे कनआ़नी (मर्शिया गंगोही सफ़ा–7)
तब्सरह :यानी जैसे हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम आसमान पर उठा लिए गये, उसी तरह गंगोही जो मसीहाए जमाँ था वह भी सबको छोड़कर फ़लक पर पहुँच गया और कनआ़न का चॉद (यानी हज़रते युसुफ़ अलहिस्सलाम) क़ब्र के अन्दर छुप गया। इस शेर में गंगोही को हज़रते ईसा इलैहिस्सलाम और हज़रते यूसुफ़ अलैहिस्सलाम से तशबीह देकर अपनी बेलगाम मुहब्बत का इज़हार कौन सा इस्लाम है ?

64 गंगोही की मौत विसाले मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का नक़्शा है

महमूदुल हसन देवबन्दी, गंगोही के बारे में लिख़ता है– ''वफ़ाते सरवरे आलम का नक़शा आप की रेहलत...................... थी हस्ती ग़र नज़ीर हस्ती महबूबे सुबहानी'' (मर्शिया गंगोही सफ़ा–12 तहरीर : महमूदुल हसन देवबन्दी)
तब्सरह :यानी गंगोही साहब अल्लाह के महबूब हूज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मिस्ल थे, तो उनकी रेहलत भी आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की वफ़ात का नक़्शा थी'' (मआज अल्लाह)।

65 गंगोही और शैखैन के अलक़ाब

महमूदुल हसन देवबन्दी गंगोही के बारे में लिखता है– ''वो सिद्दीक़ और फ़ारूक़ कैसे अजब क्या है .... शहादत ने तहज्जुद में कदम बोशी की ग़र ठानी'' (मर्शिया गंगोही सफ़ा–12)

तब्सरह : सिद्दीक़ और फ़ारूक़ हज़रात शैखैन रदिअल्लाहु तआला अनहुम के वो मख़सूस आसमानी अलक़ाब है जो अल्लाह तआला और उसके हबीब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उनको अता फ़रमाए और हज़रते अ़ली रदिअल्लाहु अन्हु तहज़्जुद की नमाज़ में शहीद हुए थे और महमूदुल हसन देवबन्दी सिद्दीको–फारूक़ और हज़रते अ़ली की शहादत ने तहज़्जुद में उनकी क़दम बोशी की, को गंगोही की तरफ़ मन्सूब करता है

66 हिदायत सिर्फ गंगोही के दर से मिलती है

महमूदुल हसन देवबन्दी, गंगोही के बारे में लिखता है कि–''हिदायत जिसने ढूँढ़ी दूसरी जगह, हुआ ग़ुमराह.................... वह मीजाबे हिदायत थे कहै क्या नस्से, .क़ुरआनी'' (मर्शिया गंगोही, सफ़ा–9)

तब्सरह यानी जिसने गंगोही के आसताने को छोड़कर किसी और जगह हिदायत ढूँढ़ी वह ग़ुमराह हो गया क्यूँकिं गंगोही जी नस्से .क़ुरआ़नी (.क़ुरआ़न पाक की आयात) से हिदायत के परनाले थे। क्या देवबन्दी .क़ुरआ़न पाक की कोई ऐसी आयत दिखा सकते है जिसमें गंगोही साहब के बारे में ऐसी बात लिखी हो ?

67 औलिया अल्लाह की तौहीन

मर्शिया गंगोही में मजीद लिखा है–रक़ाबे औलिया क्यूँ ख़म न होतीं आपके आगे .... वह शहबाज़े तरीक़त थे मुहीउद्दीने ज़ीलानी (मर्शिया गंगोही सफ़ा–9)

तब्सरह : यानी जिस तरह हुज़ूर गौसे आज़म रदिअल्लाहु तआ़ला अन्हु के हुज़ूर तमाम औलियाए वक़्त ने अपनी ग़रदने ख़म की थीं उसी तरह गंगोही चूँकि मुहीउद्दीन ज़ीलानी थे। तो उनकें आगे औलिया की ग़रदने क्यूँ न ख़म होतीं। आपने मर्शिया गंगोही में देखा–कि, गंगोही को नबीए पाक, हज़रते ईसा, हज़रते युसूफ और हज़रते मूसा अलैहिस्सलाम और हुज़ूर गौसे आजम के बराबर क़रने की कोशिश की गई !

68 मदरसा देवबन्द अंग्रेज की पसन्द

13 जनवरी 1875 इस्वीं लेफ़्टिनेन्ट गवर्नर के एक ख़ूफ़िया मोतमिद अंग्रेज़ मुसम्मी पामर ने मदरसा देवबन्द का मुआयना किया और मुआयना करने के बाद कहा जो काम बड़े–बड़े कॉलेजों में हज़ारों रूपए के सर्फ से होता है वह यहाँ कौड़ियों में हो रहा है जो काम प्रिसिंपल हज़ारों रूपयों में महाना तनख़्वाह लेकर करता है वह यहाँ एक मौलवी, चालीस रूपए माहाना पर कर रहा है ये मदरसा ख़िलाफ़े सरकार नहीं बल्कि, मुआफ़िक़े सरकार, मम्दूव व मुआविने सरकार है'' (सवानेह–हयात मौलाना मुहम्मद अहसन नानौतवी, सफ़ा–217 मतबुआ मकतवबा उसमानिया कराची)

तब्सरह : ख़ुद अंग्रेज की ये शहादत है कि ये मदरसा ख़िलाफ़े सरकार नहीं। अब आप इन्साफ़ कीजिऐ कि उस बयान के सामने अब अफ़साने की क्या हक़ीकत है, जिसका ढिन्ढ़ोरा पीटा जाता है, कि–मदरसा देवबन्द अंग्रेजी साम्राज्य के ख़िलाफ़ सियासी सरगर्मियों का बहुत बड़ा अड्डा था।

69 सब क़ब्रो से अफ़जल क़ब्र अशरफ अली थानवी की है

''सब क़ब्रो से अफ़ज़ल क़ब्र (अशरफ़ क़ब्र) वह .कब्र है जो हज़रत अशरफ़ अली थानवी की लाश को अपने अन्दर लिए हुए है जो दीने ईलाही के मुजदद्दिद थे, क्या कोई उनका हमसर'' (अशरफुल सवानेह, जिल्द–4, सफ़ा 189 मतबुआ इदारा तालीफ़ाते अशरफ़िया मुल्तान, तहरीर : ख्वाज़ा अज़ीजुल हसन मौलवी व अब्दुल हक़)

तब्सरह : अस्तग़फिरूल्लाह! ये नादान अंबिया, सहाबा और औलिया की कब्रों से भी अफ़ज़ल थानवी की .क़ब्र मान रहा है।

70 मदरसा देवबन्द अंग्रेज के एजेन्ट

''मदरसा देवबन्द के कारकुनों में अकसरियत ऐसे बुज़ुर्गों की थी, जो गवर्नमेन्ट के क़दीम और हाल पेंशनर्स थे जिनके बारे में गवर्नमेन्ट को शक व शुबह करने की कोई गुन्जाइश ही न थी।'' (हाशिया सवानेह क़ासमी जिल्द–2, सफ़ा–247 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर तहरीर : मनाज़िर अहसन गिलानी)

71 अंग्रेज को मदरसा देवबन्द की सफाई

आगे चलकर इन्हीं देवबन्दी बुज़ुर्गों के मुताल्लिक़ लिखा–''मदरसा देवबन्द में एक मौक़े पर जब इन्क्वायरी आई तो उस वक्त यही हज़रत आगे बढ़े और अपने कारी एतमाद को सामने रखकर मदरसा की तरफ़ से सफ़ाई पेश की, जो कारगर रही। (हाशिया सवानेह कासमी जिल्द–2 सफ़ा–247 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर तहरीर : मनाज़िर अहसन गिलानी)
तब्सरह : घर का राजदार होने की हैसियत .कारी तैयब का बयान जितना बावजन हो सकता है वह मुहताज़े बयान नहीं है अब आप ही फ़ैसला कीजिए कि जिस मदरसे के चलाने वाले अंग्रेज के वफ़ादार पेशेनमक ख़्वार हों उसे बाग़ियाना सरगर्मियों का अड्डा कहना आख़ों में धूल झोंकने के मुतरादिक़ है या नहीं।

72 खत्मे नबूवत पर एक और डाका ''नानौतवी की कब्र ऐने नबी की क़ब्र है

''मौलाना रफ़ीउद्दीन साहब साबिक़ मुहतमिम दारूल उलूम देवबन्द का मकाशफ़ा है कि हज़रत मौलाना क़ासिम साहब नानौतवी बानी दारूल उलूम देवबन्द की क़ब्र ऐन किसी नबी की क़ब्र मे है'' (मुबश्शरात दारूल उलूम सफ़ा–36 मतबुआ मुहकमा नस्रो–इशाअत दारूल उलूम देवबन्द, इन्डिया)
तब्सरह : समझ में नहीं आता कि इस कश्फ़ से मौसूफ़ की क्या मुराद है ? क्या देवबन्द में किसी नबी की क़ब्र पहले से मौज़ूद थी ? जिसे ख़ाली कराया गया और नानौतवी साहब को वहाँ दफ़न कराया गया ? अगर ऐसा है तो उस नबी की निशान दही किसने की ?

73 नानौतवी से वह काम लेना है जो नबियों से लिया गया है और नानौतवी की क़ब्र पर वही का नुज़ूल

''जहाँ तसबीह लेकर बैठा बस एक मुसीबत होती है, इस क़दर ग़रानी कि जैसे सौ–सौ मन के पत्थर किसी ने रख़ दिये हों ज़ुबान व क़ल्ब सब बस्ता हो जाते हैं'' (हाशिया सवानेह कासमी ज़िल्द–2, सफ़ा–258 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर) इस शिकायत का ज़बाब हाजी़ साहब जुबानी ये नकल किया गया है कि ये नबूवत का आपके क़ल्ब (दिल) पर फैज़ान होता है और ये वो शक़्ले (गिरानी) है जो हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को वही के वक़्त महसूस होता था। तुमसे हक़ तआ़ला को वो काम लेना है जो नबियों से लिया जाता है (हाशिया सवानेह कासमी ज़िल्द–1, सफ़ा–259 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर)

74 मौलवी दीवार के पीछे देखता लेकिन नबी के बारे मे यह अक़ीदा के उन्हे दीवार के पीछे का इल्म नहीं

मौलाना हबीबुर्रहमान फ़रमाया करते थे कि इस ज़माने में कश्फी हालत दीवान जी की इतनी बढी हुई थी कि बाहर सड़क पर आने जाने वाले नजर आते रहते थे। दरो– दीवार का हिज़ाब (पर्दा) उनके दरमियान ज़िकर के वक्त बाकी नही रहता था। (हाशिया सवानेह कासमी ज़िल्द–2, सफ़ा–73 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर)।

तब्सरह : लेकिन अल्लाह के प्यारे हबीब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बारे मे इन देवबन्दियों का यह अक़ीदा है कि अल्लाह के नबी को अपने अन्ज़ाम और दीवार के पीछे का इल्म नही (बराहीने कातिया सफ़ा–51, तहरीर : खलील अहमद अम्बेठवी)

75 मौत पर नानौतवी का इख्तियार

मक़ामी शीआ चौधरियों ने ये तदबीर की के एक नौजवान लड़के का फ़र्ज़ी जनाज़ा बनाया और हज़रत (कासिम नानौतवी) से आकर अर्ज़ किया कि हज़रत नमाज़े जनाज़ा आप पढ़ा दें। प्रोग्राम ये था कि जब हज़रत दो तकबीरें कह लें तो साहबे जनाज़ा एक दम उठ खड़ा हो और इस पर हज़रत के साथ इस्तेहज़ा और तमस्खुर (ठठा और मज़ाक) किया जाये। हज़रते वाला ने माज़रत फ़रमाई कि आप लोग शीआ हैं और मैं सुन्नी (देवबन्दी) उसूले नमाज़ अलग–अलग हैं। आपके ज़नाज़ा की नमाज़ मुझसे पढ़वाने में जाइज़ कब होगी ? शीओं ने कहा कि हज़रत बुजुर्ग हर क़ौम का बुजुर्ग़ ही होता है आप तो नमाज़ पढ़ा ही दें। चुनाँचे हज़रत ने मंजूर फरमा लिया और जनाज़ा पर पहुँच गये। मजमा था हज़रत एक तरफ ख़डे थे कि चेहरे पर ग़ुस्से के आसार देखे गये। आँख़ें सुर्ख़ थीं और ग़ुस्सा चेहरे से ज़ाहिर था। नमाज़ के लिए अर्ज़ किया गया तो आगे बढ़े और नमाज़ शुरू की। दो तकबीरें कहने पर जब तय शुदा प्रोग्राम के मुताबिक़ जनाज़ा में हरकत न हुई तो पीछे से किसी ने मुँह के साथ साहबे ज़नाज़ा को उठ ख़डे होने की सिसकार दी मग़र वो न उठा। हज़रत ने तकबीराते अरबा के बाद (चारों तकबीरों के बाद) उसी ग़ुस्से के लहज़े में फ़रमाया कि ''अब ये क़यामत की सुबह से पहले नहीं उठ सकता'' देख़ा गया तो मुर्दा था। (हाशिया सवानेह क़ासमी ज़िल्द–2 सफ़ा–71 मतबुआ मकतबा रहमानिया, लाहौर) लेकिन नबीए क़रीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के मुताल्लिक़ देवबन्दियों का अक़ीदा है–''रसूल के चाहने से कुछ नहीं होता'' (तक़वीयतुल ईमान सफ़ा–77, तहरीर : इस्माईल देहलवी)

76 खुदा से मिलने की ख़्वाहिश, थानवी से मिलने की ख़्वाहिश है

बजा है तेरी फ़ुरकत में अगर मुज़तर दिलो जाँ है .... ख़ुदा से मिलने का अरमाँ तेरे मिलने का अरमाँ था'' (अशरफ़ुल सवानेह, ज़िल्द–4, सफ़ा–231) **तर्जुमा** अगर आपकी ज़ुदाई में मेरे दिल व जान बेचैन है तो ये बिल्कुल सही है क्यूँकि अल्लाह से मिलने की ख़्वाहिश ही आपसे मिलने की ख़्वाहिश है यानी आपसे और अल्लाह से मिलना एक ही बात है।

77 थानवी और अंबिया अलैहिमुस्सलाम बराबर

थानवी के मुरीद ने पर्चा पेश किया उसमें लिखा था कि मैं सलाम से महरूम रहा और ये भी लिख़ा था कि आप (यानी अशरफ अली थानवी) को नबियों और सहाबाए कराम के बराबर समझता हूँ'' (मज़ीदुल मजीद थानवी, सफ़ा–18)
तब्सरह : चुनाँचे बजाए इस ग़लती को तसलीम करने के सैफ़ यमानी मे मंजूर नोमानी देवबन्दी ने बड़ा हाशिया लगाया है कि ये इबारत सही है।

78 थानवी को हज़रते आयशा सिद्दीक़ा रदिअल्लाहु तआला अन्हा की शान में ग़ुस्ताख़ी

एक मुरीद सवालेह को मकशूफ़ हुआ के अहक़र (अशरफ़ अली थानवी के घर हज़रत बीबी आयशा) आने वाली हैं। उन्होंने मुझसे कहा मेरा (अशरफ़ अली थानवी की) ज़ेहन मअन उसी तरफ़ मुन्तक़िल हुआ कि (कमसिन औरत हाथ आयेगी) इस मुनासिबत से के जब हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हज़रते आयशा रदि अल्लाहु तआला अन्हा से निकाह किया तो हुज़ूर का सन् शरीफ़ पचास से ज़ियादह था, हज़रते आयशा बहुत कम उम्र थीं। वही क़िस्सा यहाँ है।'' (रिसाला अल इमदाद माह सफ़र 1335 हिज़री)

तब्सरह : कितनी बड़ी गुस्ताख़ी है के, **मुअ्मिनीन की माँ** हज़रते आयशा रदिअल्लाहु तआ़ला अ़न्हा के घर आने को जोरू से मिलने से ताबीर किया जा रहा है। मआ़ज़–अल्लाह। **जो नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम कि पाक बीवियों और तमाम मोमिनीन की अम्मी के बारे में ऐसा गन्दा खयाल दिल में लाए वो** हरामुद्दहर अपनी माँ के बारे में क्या सोचता होगा ये आप खुद ही अन्दाज़ा लगाएँ!

79 हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम देवबन्दियों के बावर्ची

एक दिन हाजी इम्दादुल्लाह साहब ने ख़्वाब देखा कि आपकी भावज आपके मेहमानों का ख़ाना पका रही है। कि जनाब रसुलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाये और आप की भावज से फरमाया उठ तू इस क़ाबिल नहीं के हाजी इम्दादुल्लाह के मेहमानों का खाना बनाये इसके मेहमान उलेमा है। इसके मेहमानों का ख़ाना मैं पकाऊँगां। (तज़किरतुल रशीद ज़िल्द–1 सफ़ा–64 व समाएम इम्दादिया थानवी सफ़ा–26)

तब्सरह : इस झूठे और मनगढ़त ख़्वाब को लिख़ने और छापने का मक़सद क्या है। यही के, उलमा ए देवबन्द का मक़ाम इतना बुलन्द है कि वह ख़ातून इस क़ाबिल नही थीं कि देवबन्द के मौलवियों का ख़ाना पकायें, बल्कि उनका ख़ाना पकाने के लिये हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम जैसी हस्ती होनी चाहिए। इस तरह मआज़ अल्लाह हुज़ूर को बावर्ची बना दिया। (मआज अल्लाह, सुम्मा मआज़ अल्लाह)।

80 हज़रते आयशा सिद्दीक़ा रदि अल्लाहु तआ़ला अन्हा थानवी की नौकरानी की तरह

घर की ख़िदमत करने वाली! शफ़ीक़ अहमद ख़ादिम हुज़ूरे आली ख्वाब लिखता हूँ जिसका हुज़ूरे आली (यानी थानवी) से वादा करा कर आया था। अहकर ने ख़्वाब में देख़ा कि माहे मुबारक़ रमज़ान शरीफ़ है और इशा का वक़्त है। हज़रत बीबी आयशा रदिअल्लाहु अन्हा हुज़ूरे आली (यानी थानवी) के दरो–दौलत में तशरीफ़ फ़रमाँ हैं, तरावीह में हुज़ूरे अनवर का कुरआन पाक सुनने का इरादा रख़ते हुए हुज़ूर दरोदौलत में सफ़ुफ़ (सफ़ें) के बिछाने और पर्दे डालने के एहतेमाम मे रही हैं। इसके बाद अहक़र की आँख खुल गई ''(असलकुर्रूया जिल्द–2, सफ़ा–50)।

तब्सरह : 1. पहला कश्फ़ तो ये था कि बीबी आयशा रदिअल्लाहु अन्हा (मआज़ अल्लाह) थानवी के घर आने वाली हैं, लेकिन उसके ख़ादिम साहब के ख़्वाब ने हज़रते बीबी आयशा रदिअल्लाहु अन्हा को उनके घर पहुँचा दिया। न मालूम कैसे उसको मालूम हुआ कि ये उम्मुल मोमिनीन बीबी आयशा रदिअल्लाहु अन्हा हैं। इसलिए कि ख़्वाब में कोई ऐसा इशारा भी नहीं है जिससे ये मालूम हो। 2. ये भी कि बीबी आयशा रदिअल्लाहु अन्हा ऐसी जग़ह आ ग़ईं जहाँ सफ़ुफ़ और पर्दे का भी इन्तेज़ाम न था और ख़ुद ही ये एहतेमाम करना पड़ा (मआज अल्लाह)। 3. ये भी साबित हुआ कि ऐसा ख्वाब ख़ादिम ने पहले थानवी को ख़ुद सुनाया और फ़िर उससे वादा लिया कि इसको लिख़कर भेजना। चुनाँचे उसने वादे के मुताबिक़ लिख़कर भेज दिया और थानवी ने उसको छाप दिया (शाया कर दिया) और तहक़ीक़ करना लाज़िमी न समझा कि ऐसा ख़्वाब सच्चा भी हो सकता है या नहीं ?

81 हूज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम शरीअ़त से बेख़बर थे

''और अल्लाह तआ़ला ने आप (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को शरीअ़त से बेख़बर पाया'' (**तर्जुमा** : कुरआ़न, सुरह–वद्दुहा अज़ अशरफ़ अली थानवी)।

82 हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम, अशरफ अली थानवी की शक्ल में

मौलवी नज़ीर अहमद केरालवी अपना ख़्वाब बयान करता हैं ''हुज़ूर आक़ाए नामदार सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को ख़्वाब में अशरफ़ अली की शक्ल में देख़ा, और हुज़ूर सियाह अचकन बटनों वाली ज़ैब तन फ़रमाये हुए थे, ज़ैसा अशरफ़ अली थानवी गाहे–गाहे सियाह अचकन पहनते हैं। (असदक़ रूया ज़िल्द–2 सफ़ा–2) (अइज़्ज़ा) मुबारकपुर में जब था तो मैंने हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को आप (अशरफ़ अली थानवी) की सूरत में देखा, फ़क़त ज़ियारत हुई। कोई बातचीत की दौलत नसीब नहीं हुई (असदकुल रूया ज़िल्द–2 सफ़ा–15) (अइज़्ज़ा) इस ख़्वाब से पहले तीन मर्तबा ख़्वाब देख़ा और तीनों मर्तबा हमारे मौलाना अशरफ़ अली थानवी की शक्ल में हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम नज़र आये। मैने तीनों मर्तबा मुसाफ़ह किया मग़र हुज़ूर बोले नहीं। (असदकुल रूया ज़िल्द–2 सफ़ा–25) (अइज़्ज़ा) एक और साहब अपना ख़्वाब लिखकर कहते हैं– ''इस ख़्वाब से पहले तीन मर्तबा ख़्वाब देखे और तीनों मर्तबा हमारे मौलाना अशरफ़ अली की शक्ल में हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम नज़र आये। मैने तीनों मर्तबा मुसाफ़ह किया, मग़र हुज़ूर बोले नहीं (असदकुल रूया ज़िल्द–2 सफ़ा–37)

तब्सरह : इन्साफ़ कीज़िए इन झूठे और मनगढ़त ख़्वाबों के शाया करने का मतलब क्या है ? (मआ़ज़ अल्लाह) असल मे मुरीदों के ज़हनों में बिठाना मक़सूद है कि थानवी को देख़ना गोया हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को देखना है और ये आ़क़ाए दो जहाँ की शान में बहुत बड़ी ग़ुस्ताख़ी है।

83 मदीना पाक थाना भवन है

जैसा कि मदीना शरीफ़ मे (जैसा–वैसा नही रह सकता) रहकर मैल कुचैल वाला नहीं रह सकता अल्लाह का शुक्र है हज़रत हाजी साहब की बरकत से ऐसा–वैसा यहाँ नहीं रह सकता''
(अल्अफ़ाज़ात अल यौमिया–अज़ अशरफ अली थानवी)
नोट : थाना भवन वह जगह है जहाँ अशरफ़ अली थानवी रहता था।

84 थानवी की मुरीदनी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की बग़ल में

थानवी की मुरीदनी कहती है ''एक जंगल है और मैं उसमें हूँ और एक तख़्त है कुछ ऊँचा सा, उस पर ज़ीना (सीढ़ी), एक मैं और दो–तीन आदमी हैं हम सब ख़डे हैं हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के इन्तेजार में। इतने में ऐसा मालूम हुआ कि जैसे बिजली चमकी। थोड़ी देर में हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए और ज़ीना पर चढ़कर मेरे से बग़लग़ीर हुए और मुझको ज़ोर से ख़ीच दिया जिससे सारा तख़्त हिल गया हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम बोले के आ तुझको पुलसिरात पर चलने की आदत डलवाता हूँ, सूरत शक्ल बिलकुल अशरफ़ अली थानवी जैसी है। इतने में आँख़ ख़ुल गई। (असदकुल रूया जिल्द–2, सफ़ा–23)

तब्सरह : कितने शर्मनाक अल्फ़ाज़ हैं कि कहा कि दो–तीन आदमी हैं, मैं तख़्त पर हूँ हुज़ूर अस्सलातु वस्ससलाम तशरीफ़ लाये, न उन दो–तीन आदमियों को सलाम किया न कलाम बल्कि आते ही साथ मआज़ अल्लाह एक ग़ैर औरत से दो–तीन आदमियों के सामने बग़लगीर हो गए और इतनी ज़ोर से दबाया कि सारा तख़्त हिल ग़या। वह भी उन दो–तीन आदमियों के सामने। बताओ कोई बुज़ुर्ग या आलिम तशरीफ़ लायें और उनके इन्तेज़ार में दो–तीन आदमी और एक औरत अज़राहे अकीदत मंदी ख़ड़ी है और बुज़ुर्ग या आ़लिम आते ही उस औरत से चिमट जाऐगें और इतने ज़ोर से दबाऐंगे कि सारा तख़्त हिलाकर रख़ दें। तो उन आदमियों पर इसका क्या असर होग़ा और फ़िर इस बात को शाया कर दे तो पढ़ने वाले की नज़र में उस बुज़ुर्ग या आ़लिम की हैसियत क्या होगी?

85 सैयदा हज़रते बीबी फातिमा रदि अल्लाहु अन्हा ने सीने से चिमटाया

मौलवी अशरफ़ अली थानवी और मौलवी फज़लुर्रहमान की ज़बानी बयान करते हैं कि ''हमने ख़्वाब मे हज़रते बीबी फ़ातिमा रदि अल्लाहु अन्हा को देखा। उन्होंने हमे अपने सीने से चिमटा लिया। (अल इफ़ाज़ात अलयौमिया मलफ़ूज़ात थानवी)।

86 गंगोही और नानौतवी मियाँ बीबी

ख़लीफ़ा थानवी मौलवी आशिक़ इलाही मेरठी लिख़ते हैं–''आप (यानी रशीद अहमद गंगोही) एक मर्तबा ख़्वाब बयान करते हैं कि मौलवी .कासिम नानौतवी अरूस (दुल्हन) की सूरत मे हैं और मेरा उनसे निकाह हुआ है। जिस तरह ज़न व शौहर (मियाँ बीबी) मे एक को दूसरे से फ़ायदा पहुँचता है। उसी तरह मुझे उनसे और उन्हें मुझसे फ़ायदा पहुँचा है। फ़िर ख़ुद ही ताबीर फरमाई कि आखिर उनके बच्चों की किफ़ालत करता हूँ (तज़किरतुल रशीद, ज़िल्द–2, सफ़ा–289 तहरीर : आशिक इलाही मेरठी) गंगोही का वह सिर्फ ख़याल नही बल्कि पुख़्ता ख़याल था, ये मौलवी अशरफ़ अली थानवी से पूछिये। वो फ़रमाते हैं–कि अकसर ये देख़ा गया है कि दिन में जिस बात का ख़्याल ज़ियादहतर बसा रहता है वही रात मे ख़्वाब की शक़्ल मे नज़र आती है। ख़्याल ही तो था जो बिन्द गया चुनाँचे ख़्वाब के मुताल्लिक़ थानवी साहब फ़रमाते हैं–कि हमारे ख़्वाब की हक़ीक़त तो अकसर ये होती है कि दिन भर हमारे ख्यालात में जो दिमाग़ में बसे हुऐ रहते हैं वही रात को सोते मे उसी सूरत में या किसी दूसरी सूरत में नज़र आ जाते हैं। (अल इफ़ाजात अल योमिया ज़िल्द–5, सफ़ा–55) हमने ऊपर गंगोही साहब का ख़्वाब फिर ख़याल बयान किया तो अब वह वाक़िया पेश करते हैं तो ख़्वाब व ख़याल था अ़ैनुल यक़ीन हो गया, गोया वह ख़्वाब जो गंगोही की ऐन मुराद बनकर भरे मजमें में दनदनाता हुआ तशरीफ़ लाया। चुनाँचें ''मौलाना हबीबुर्रहमान ने बयान फ़रमाया कि एक दफा गंगोही की ख़ानक़ाह में मज़मा था, हज़रत नानौतवी तशरीफ़ फरमा थे, कि हज़रत गंगोही ने हज़रत नानौतवी से मुहब्बत आमेज़ लहज़े में फरमाया कि यहाँ ज़रा लेट ज़ाओ। हज़रत नानौतवी कुछ शरमा से गए मगर हज़रत (गंगोही) ने फिर फरमाया तो मौलाना बहुत अ़दब के साथ चित लेट गए। हज़रत भी उसी चारपाई पर लेट गए और मौलाना की तरफ करवट करके अपना हाथ उनके सीने पर रख़ दिया जैसा कि आशिके सादिक़ अपने क़ल्ब (दिल) को तसकीन दिया करता है। मौलाना नानौतवी हरचन्द फ़रमाते रहे मियाँ ये क्या कर रहे हो, ये लोग क्या कहेंगे। हज़रत ने फ़रमाया कि लोग कहेंगे, तो कहने दो'' (अरवाहे स़लास़ा, हिक़ायत 305 सफ़ा 248 तहरीरः अमीर शाह क़ारी मुहम्मद तैयब, अशरफ़ अली थानवी)।

तब्सरह : क्या इन्हें रात–दिन हम जिस्म परस्ती के ख़याल ही आते रहते थे ? हालाँकि ये इतना ख़तरनाक फेले बद (बुरा काम) है जिससे इन्सान तो इन्सान, शैतान भी ख़ौफ़ ख़ाता है। चुनाँचें हज़रते सैयदना इब्ने अब्बास रदि अल्लाहु अन्हो का बयान है कि जब मर्द, मर्द पर सवार होता है तो शैतान इस ख़ौफ से भाग जाता है, कि कहीं ये लानत उस पर न आ जाए।

87 शाने रिसालत और अशरफ़ अली थानवी का इल्म

दारूल उलूम देवबन्द के बड़े जलसा–दस्तारबन्दी में बाज हज़राते अक़ाबिर ने इर्शाद फरमाया कि अपनी ज़माअ़त की मसलेहत के लिए हुज़ूर सरवरे आलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फज़ाइल बयान किये जाएं। ताकि अपने मजमें पर जो वहाबियत का शुबह है, वह दूर हो। ये मौका भी अच्छा है क्यूँकिं इस वक़्त मुख़्तलिक तबक़ात के लोग मौजूद हैं। हज़रते वाला (अशरफ़ अली थानवी) ने बा अ़दब अर्ज़ किया कि इसके लिए रवायात की ज़रूरत है और वह रवायात मुझको मुस्तहज़िर (याद) नहीं (अशरफुल सवानेह, जिल्द–1, सफ़ा–130, तहरीरः ख्वाज़ा अज़ीजुल हसन व मौलवी अब्दुल हक़)

तब्सरह : हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फज़ाइल का बयान, ईमान बल्कि जाने ईमान है। वह मुसलमान ही क्या, जो हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फज़ाइल से न सुनाये। हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फज़ाइल का बयान रवायात ही मे ही नही, .कुरआन की आयात में भी है, बल्कि .कुरआ़न दर असल है ही हुज़ूरे पाक के फज़ाइल पर मुश्तमिल। हज़रत वाला (थानवी) को अगर रवायात याद न थीं तो .कुरआ़न की आयात ही से ईमान अफ़रोज मौज़ू पर बयान कर सकते थे। **आला हज़रत** बरेलवी रहमतुल्लाह अलैह की किताब तजल्ली–उल–यक़ीन ही होती और वह उसे एक नज़र अगर देख़ लेते तो इस प्यारे मौज़ू पर यूँ ही बयान कर सकते थे कि दरख़्त भी सरकार सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के फज़ाइल सुनकर झूम उठते लेकिन नहीं, फज़ाइले मुस्तफा सल्लल्लाहु

अलैहि वसल्लम का बयान करना उनके नसीब में कहाँ ? और ग़ौर फ़रमाइये कि वो नबी पाक की तारीफ़ मस्लेहत की बिना पर अपने ऊपर वहाबियत के लगे तमगे (लेबल) को साफ करने के लिये बयान करना चाहते थे। आज भी ये लोग दूसरों को धोका देने के लिए महफ़िले सीरतुन्नबी, महफ़िले ज़िक्रे मुस्तफ़ा और औलिया अल्लाह कॉन्फ्रेन्स वग़ैरह कराके अपने आबा व अजदाद की यही मुनाफ़िक़ाना चाल चलते हैं। और जो इनके .काबू में आ जाता है आहिस्ता–आहिस्ता उसे अपने बुरे अक़ाइद में फँसा लेते हैं।

88 देवबन्दियों के मुजद्दिद का बचपन

थानवी साहब ने फरमाया कि एक रोज़ मैं पेशाब कर रहा था। भाई साहब ने आकर मेरे सर पर पेशाब करना शुरू कर दिया। एक रोज ऐसा हुआ, कि भाई साहब पेशाब कर रहे हैं मैनें उनके सर पर पेशाब करना शुरू कर दिया। एक मर्तबा मेरठ मे मियाँ इलाही बख़्श साहब मरहूम की कोठी में जो मस्ज़िद थी, सब नमाजियों के जूते जमा करके उसके शामियाने पर फेंक दिये। नमाजियों में ग़ुल मचा कि जूते क्या हुए, एक शख़्स ने कहा कि ये लटक रहे हैं मगर किसी ने कुछ नहीं कहा। फरमाया कि एक साहब थे सीकरी के, हमारी सौतेली वाल्दा के भाई बहुत ही नेक और सादा आदमी थे। वालिद साहब ने उनको ठेके के काम पर रख लिया था। एक मर्तबा गर्मी में भूखे प्यासे परेशान घर आये और खाना निकालकर खाने में मशगूल हुए। घर के सामने बाज़ार है। मैंने सड़क पर से एक कुत्ते का पिल्ला छोटा सा पकड़कर घर आकर उनकी दाल की रकाबी में रख दिया। बेचारे रोटी छोड़कर खड़े हो गये और कुछ नहीं कहा। एक रोज लड़कों और लड़कियों के जूते जमा करके उनको बराबर रखा और एक जूते को सबके आगे रखा वह गोया के इमाम था और रंग खड़े करके उस पर कपड़े की छत बनाई, वह मस्जिद .करार दी (मलफूज़ात हकीमुल उम्मत, जिल्द–4, सफ़ा 260 ता. 262 मतबुआ इदारा तालीफाते अशरफ़िया मुलतान)

89 उम्मते देवबन्दिया के हकीमुल उम्मत और मुजद्दिद अशरफ अली थानवी की ज़िन्दगी के चन्द हैरानकुन वाक़िआत

अशरफ अली थानवी साहब ने फरमाया एक दफ़ा एक शख्स ने मुझसे कहा कि ज़िक्र में मज़ा नहीं आता। मैनें कहा, मजा ज़िक्र में कहाँ मजा तो मज़ी (मनी) में होता है जो बीबी से मुजामेअ़त (हमबिस्तरी करने) के वक़्त ख़ारिज होती है, यहाँ कहाँ मजा ढूँढ़ते फिरते हो'' (अल इफ़ाज़ात अलयौमिया ज़िल्द–6, सफ़ा–61 मतबुआ इदारा तालीफाते अशरफिया मुलतान)

90 मुजद्दिद ए देवबन्द का बेनज़ीर किरदार

ख्वाजा अज़ीज़ुल हसन ने एक दफ़ा हकीमुल उम्मत मौलाना अशरफ अली थानवी साहब से अर्ज़ की, कि मेरे दिल में बार–बार ये ख़याल आता है कि काश मैं औरत होता और हुज़ूर (थानवी) के निकाह में आता। इस इज़हारे मुहब्बत पर थानवी साहब ने ग़ायत दरजे मसरूर (हद से ज़्यादा खुश होकर) होकर बेइख़्तियार हँसते हुए फरमाया आपकी मुहब्बत है, सवाब मिलेगा, सवाब मिलेगा।'' (अशरफुल सवानेह, ज़िल्द–2, सफ़ा–64)

91 मुजद्दिद ए देवबन्द का बेनज़ीर किरदार

मौलवी अशरफ अली थानवी साहब मौरिख 21 जमादिउल अव्वल 1351 हिज़री बाद नमाज़े जुमा अपनी एक मलजिसे म़ारिफत में बेहया औरत की हया की मिसाल देते हुए इर्शाद फरमाते हैं कि एक शख्स किसी के मकान पर उसको दरयाफ्त करने आया तो उसकी बीबी नई ब्याही हुई थी, जुबान कैसे बोले और बतलाना ज़रूर था। इसलिए कहा तो नहीं, लहँगा उठाकर और मूतकर और इस पुर को फाँदकर गई जिससे बतला दिया कि दरिया पार गया है बस ये शर्म, कि मुँह से तो नहीं बोली और शर्मगाह दिखा दी'' (अल इफ़ाज़ात अलयौमिया ज़िल्द–2, सफ़ा–28)

तब्सरह : ये वाक़ियात मामूली मौलवी के नहीं देवबन्दी फिरक़े के मुजद्‌दिद के हैं।

92 थानवी के मामू की कहानी थानवी साहब की ज़ुबानी

''अशरफ अली थानवी साहब फरमाते हैं कि इस हिफ़ाज़ते शरीअत का एक और वाक़ेया याद आया कि मामू साहब हैदराबाद से अव्वल बार कानपुर तशरीफ़ लाये तो चूँकि जले–भुने बहुत थे, उनकी बातों से लोग बहुत मुतास्सिर हुये। अब्दुर्रहमान साहब मालिक मुतबे निज़ामी भी उनसे मिलने आये और उनके हक़ाएक व मआरिफ़ सुनकर बहुत मोतक़िद हुए। अर्ज़ किया कि हज़रत वाज़ फ़रमाएं ताक़ि सब मुसलमान मुनतफ़े हो (फ़ायदा उठाएं) मामू साहब ने इसका जवाब अजीब आज़ादाना निराला दिया। कहा कि खाँ साहब मैं ओर वाज़ ? कहाँ सलाह कार कुजाओ मन खराब कुजा (कि लोगों की इस्लाह करने वाला वाज़ कहाँ और मैं खराब कहाँ) फिर जब ज़्यादा इसरार किया तो कहा कि हाँ एक तरह से कह सकता हूँ , इसका इन्तिज़ाम कर दीजिए। अब्दुर्रहमान खान साहब बेचारे मतीन बुज़ुर्ग थे, समझे कि ऐसा तरीक़ा क्या होगा कि जिसका इन्तेज़ाम न हो सके। ये सुनकर बहुत इश्तियाक़ के साथ पूछा कि हज़रत वो तरीक़ए खास क्या है ? मामू साहब बोले कि मैं बिल्कुल नंगा होकर बाज़ार से होकर निकलूँ इस तरह कि एक शख़्स तो आगे से मेरे उज़्वे तनासुल (मर्द के छोटे पेशाव की जगह) को पकड़कर खींचे और दूसरा पीछे से उँगली करे, साथ लड़को की फौज हो और वो ये शोर मचाते जायें भड़वा है रे भड़वा है रे भड़वा और उस वक़्त मैं हक़ाएक़ व मआरिफ़ बयान करूँ'' (अल इफ़ाज़ात अल योमिया ज़िल्द–1, सफ़ा–2012, मतबुआ इदारा तलीफाते अशरफिया मुलतान)

तब्सरह : मामू ने तो शरीअत से मज़ाक़ उड़ाया लेकिन भान्जे को क्या सूझी, कि वो हक़ीमुल उम्मत और मुज़द्‌दिद ज़मान होकर उसके तमस्ख़ुर व मज़ाक़ को क्यूँ बयान फ़रमाया लेकिन चूँकि मुज़द्‌दिद साहब बचपन से ही ऐसी लज़ीज़ (ग़लीज़) और चटपटी बातों से जी बहलाते थे तो फिर क्या करें ?

93 अल्लाह तआला को चालबाज़ लिख दिया

''(उधर तो) वो चाल चल रहे थे और इधर ख़ुदा चाल चल रहा था। और ख़ुदा सबसे बेहतर चाल चलने वाला है।'' (तर्जुमा : .क़ुरआन सूरह अनफ़ाल् आयत–30 अज़ फ़तेह मोहम्मद जालन्धरी देवबन्दी)।

94 क़ुरआन पर पेशाब

''एक दफ़ा एक बन्दे ने अर्ज़ की, के मैने ख़्वाब देखा है– कि मेरा अन्देशा है कि मेरा ईमान न जाता रहे। हज़रत (थानवी) ने फरमाया मियाँ बयान तो करो। उन साहब ने अर्ज़ किया कि मैने देखा है कि .क़ुरआन पर पेशाब कर रहा हूँ। हज़रत (अशरफ़ अली थानवी) ने फ़रमाया ये तो अच्छा ख़्वाब है'' (मज़ीदुल मजीद सफ़ा–166 अल इफ़ाज़ात अलयौमिया, ज़िल्द–7)

तब्सरह : आप अन्दाजा लगाईये कि .क़ुरआन पाक पर पेशाब करने का ख़्वाब लिखा है, हालाँकि .क़ुरआन पाक के ऊपर कोई चीज़ रखने की भी शरीअत मे मुमानियत है और पेशाब ऐसी गन्दी चीज़ है जिससे अपने आपको न बचाने वाला दोज़ख का हक़दार है और थानवी साहब फ़रमा रहे हैं कि अच्छा ख्वाब है। अस्तग़फ़िरूल्लाह।

95 देवबन्दियों का ख़ुदाई दावा

अशरफ अली थानवी साहब अपने पीरो–मुर्शिद की शान में लिखते हैं कि–''हज़रत की एक ख़ादिमा थी, जिसका नाम पीरानी साहिबा था। वह नक़ल करती हैं कि एक बार मेरे भतीजे हज को आते थे। आगबोट (यानी जहाज़) तबाही में आ गया। हालते मायूसी में उन्होंने ख़्वाब देखा कि एक तरफ हाजी साहब और दूसरी तरफ हाफिज़ ज़ैव साहब आगबोट को शाना (कंधा) दिये हुए तबाही से निकाल रहे हैं (सुबह मालूम हुआ कि आगबोट दो दिन का रास्ता तय करके सही व सालिम किनारे पर लग

गया। (इमदादुल मुश्ताक़ अली अशरफुल अख़लाक़, सफ़ा–119 मतबुआ मुमताज़ अकेडमी लाहौर, अज़ अशरफ़ अली थानवी)

तब्सरह : इस वाक़ए पर हमारे चन्द सवाल वहाबियों देवबन्दियों से है, कि हाजी साहब और मियाँ ज़ैब साहब को ये कैसे पता चल गया कि उनके ग़ुलाम डूब रहे हैं। क्या मुर्दे मदद करते हैं, और क्या देखते सुनते हैं ? पीरानी साहिबा ने ये वाक़ेआ बयान करके और अशरफ़ अली थानवी ने यह वाक़ेया लिखकर ये साबित कर दिया कि अल्लाह तआ़ला इन्सान की शक्ल में आकर मदद करता है और वह शकल उनके पीर की है। क्या यही तौह़ीद है। इसाईयों का अक़ीदा है कि हज़रते ईशा अलैहिस्सलाम मुज़स्सिमें ख़ुदा हैं। यानी अल्लाह तआ़ला ज़िस्मानी शक्ल में हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम बनकर आया (मआ़ज़ अल्लाह)

96 गंगोही का क़लम अर्श के पार चलता है

तज़किरतुल रशीद का मुसन्निफ़ लिखता है–''जिस ज़माने में मसला इमकाने किज़्ब पर आपके मुख़ालिफ़ीन ने शोर मचाया और तकफ़ीर का फतवा शाया किया। साईं तवक्कल शाह अम्बालवी की मजलिस में किसी मौलवी ने हज़रत इमाम बानी (यानी गंगोही) का जिक्र किया और कहा कि इम्कान किज़्ब बारी के काइल हैं ये सुनकर साईं तवक्कल शाह ने गर्दन झुका ली और थोड़ी देर मुराक़िब रहकर मुँह ऊपर उठाकर अपनी पंजाबी ज़ुबान मे ये अलफाज फरमाए– लोगों तुम क्या कहते हो ? मैं मौलवी रशीद अहमद गंगोही का क़लम अर्श के परे चलता हुआ देख रहा हूँ।'' (तज़किरतुल रशीद ज़िल्द–2, सफ़ा 322 तहरीर : आशिक ईलाही मेरठी)

तब्सरह : क्या समझे आप ? कहने का मतलब ये नहीं, कि गंगोही साहब की क़लम की लम्बाई अर्श की सरहद को पार कर गई बल्कि इस तशहीर से ये दावा करना मक़सूद है कि तक़दीरे इलाही के नौश्ते गंगोही के रूशहाते क़लम से लिखे जाते हैं।

97 गंगोही की ज़ुबान, ज़ुबाने इलाही है

मौलवी विलायत अली साहब फरमाते हैं, कि मेरे हमराह सफरे ह़ज में एक हकीम साहब साईन अंबाला थे जो हाजी (इम्दादुल्लाह) साहब के मुरीद थे। इसी ताल्लुक़ से उनको हज़रते इमाम रब्बानी (रशीद अहमद गंगोही) के साथ तआरूफ़ बल्कि ग़ायत दर्जए अक़ीदत थी। वो फरमाने लगे–मेरा तो ये अक़ीदा है कि, मौलाना (गंगोही) की जुबान से जो बात निकलती है, तक़दीरे इलाही के मुताबिक़ है।'' (तज़किरतुल रशीद, जिल्द–2, सफ़ा–218–219)

तब्सरह : ये खबर अगर सही है तो इसकी सेहत की दो ही सूरते हैं, या तो गंगोही जुमला मुक़ददरात पर मुत्तले थे, कि जुबान उसके ख़िलाफ खुलती ही नही थी या फिर उनके मुँह में ज़ुबान नहीं थी, बल्कि कुन की कुंजी थी। जो बात मुँह से निकली वो कायनात का मुक़द्दर बन गई। इन दोनों बातों में से जो बात भी इख्तियार कर ली जाए देवबन्दी मजहब पर दीन और दयानत का एक ख़ून ज़रूरी है।

98 देवबन्दियों का तबरी

कासिम नानौतवी की नानी साहबा के मुताल्लिक़ लिखते हैं– ''जिस मरीज़ को तीन साल मर्ज़ इस हाल में इस तरह गुज़रे कि करवट बदलना भी दुशवार हो। तो उसके मुताल्लिक़ ये खयाल बे मौक़ा न था कि बिस्तर की बदबू धोबी के यहाँ भी न जाएगी। मगर देखने वालों ने देखा कि ग़ुस्ल के लिए चारपाई से उतारने पर पोतड़े (पाखाना लगे हुए कपड़े) निकाले गये जो नीचे रख दिये जाते थे तो उनमें बदबू की जगह खुशबू और ऐसी निराली महक फूटती थी कि एक दूसरे को सुँघाता और हर मर्द–औरत ताज्जुब करता। चुनाँचे बगैर धुलाये उनको तबर्रूक बनाकर रख लिया गया।'' (तज़किरतुल ख़लील सफ़ा–96–97 तहरीर :आशिक इलाही मेरठी)

तब्सरह : हालाँकि देवबन्दी उलमा और पीरों के मरने के बाद उनके चेहरे नहीं दिखाये जाते। अभी कुछ अर्सा पहले मौलवी खान मुहम्मद कन्दियाँ वाले जिसे ख़त्में नबूवत का सरखेल कहा जाता है,

वफ़ात पा गए तो उनका मुहँ भी न दिखाया गया। तफसील के लिए मुफ़्ती फ़ैज़ अहमद उवैसी साहब की किताब ''गुस्ताख़ों का बुरा अन्जाम'' का ज़रूर मुतालआ करें?

.99 कुरआ़न में लफ्जे तहरीफ़ (तबदीली रद्दोबदल)

''मैं (अनवर शाह) कहता हूँ कि लाज़िम आता है ऊपर इस मज़हब के, कहो कि .कुरआ़न भी तहरीफ़ शुदा क्यूँकि बेशक मआनवी नहीं है थोड़ी इसमें भी और जो बात साबित है—मेरे नजदीक ये है, कि तहरीफ है। इसमें लफ़्जी भी ताहम ये जो है इरादे से है इनके (सहाबा के) या मुग़ालते (ग़लती) से है। बस अल्लाह ख़ूब जानता है ये बात।'' (फ़ैज़ुल बारी, जिल्द—3 सफ़ा—398 तहरीर : अनवर शाह कशमीरी)

तब्सरह : अगर मौलवी साहब की इस बात को मान लिया जाये तो फिर अल्लाह तआ़ला का ये फरमान कि ''हमने इसे नाज़िल किया और हम ही इसकी हिफाज़त करने वाले हैं, और ये वो किताब है जिसमें कोई शक नही'' का क्या बनेगा। और अगर .कुरआ़न में लफ़्ज़ी तहरीफ़ मान ली जाए तो किस चीज़ पर ईमान लाया जायेगा ? फिर .कुरआ़न और दूसरी किताब में क्या फर्क़ रह गया।

100 हज़रते अली रदि अल्लाहु अन्हु ने सैयद अहमद को नहलाया और सैयदा फ़ातिमा रदि अल्लाहु अन्हा ने कपड़े पहनाए

सैयद साहब ने एक रोज ख़्वाब में विलायत मआ़ब हज़रते अ़ली करम अल्लाहु वज्हु और हज़रते सैयदा फ़ातिमा रदि अल्लाहु अन्हा को देखा। हज़रते अ़ली ने आपको अपने दस्ते मुबारक से ग़ुस्ल दिया और अपने हाथ मुबारक से सैयद साहब की ख़ूब शस्तो—शू (सफाई) की जैसे माँ—बाप अपने बच्चे को नहलाते वक्त करते हैं और हज़रते फातिमा रदि—अल्लाहु—अन्हा ने आपको उम्दा लिबास पहनाया (सिराते मुस्तक़ीम (उर्दू) सफ़ा—189 मतबुआ कुतुबखाना रहीमिया देवबन्द, तहरीर : इस्माईल देहलवी)

तब्सरह : इस पर क्या तब्सरह लिखा जाये कि सैयदुननिसा रदिअल्लाहु अन्हा की शान में कितनी बड़ी ग़ुस्ताख़ी है कि उन्होंने 25 साला शाह साहब को ग़ुस्ल के बाद कपड़े पहनाऐ। शायद इसी लिये पठानों ने इस बदबख्त ईस्माईल देहलवी को वासिले जहन्नम कर दिया।

101 देवबन्दी बच्चियों के लिए थानवी जी का ख़ास तोहफ़ा

बहिश्ती ज़ेवर, अशरफ अली थानवी ने सिर्फ औरतों के लिए लिखी थी लेकिन इसमें ज़ैल तिब्बी चुटकुले दर्ज़ फरमाए'' **(1)** एक सूरत ये है कि उज़व तनासुल (मर्द के छोटे पेशाब की जगह) जड़ मे से पतला और आगे से मोटा हो जावे (वहिश्ती ज़ेवर ज़िल्द—11, सफ़ा—134 अज़ अशरफ़ अली थानवी) **(2)** ख़्वाहिशे नफ़्सानी बहाल ख़ुद हो मगर उज़व तनासुल में कोई नुक़्स पड़ जाये इसकी कई सूरतें हैं—एक ये कि सिर्फ़ ज़अफ (कमजोरी) और ढ़ीलापन हो (बहिश्ती ज़ेवर जिल्द—11, सफ़ा—136) **(3)** दूसरे ये कि ख्वाहिश बदस्तूर है मगर उज़व मख़्सूस मे फितुर पड़ जाए जिससे मुजामेअत पर पूरी .कुदरत न हो (वहिश्ती ज़ेवर ज़िल्द—11, सफ़ा—136) **(4)** ख़सिया का ऊपर को चढ़ जाना, इस मर्ज़ से चुनक भी हो जाती है (बहिश्ती ज़ेवर जिल्द—11, सफ़ा—14)।

तब्सरह : देवबन्दी मौलवी जब उज़व मख़्सूस के मुताल्लिक़ तसव्वरात व हालात के असबाक़ अपनी देवबन्दी नौजवान दोशीजाओं को पढ़ाते होगें तो फिर इसकी तशरीह करते हुए शायद .... और जब लड़कियाँ इस किताब का मुतालआ़ करती होगीं तो ख़याल ही ख़याल में अपने महबूब के उन हिस्सों का तसव्वुर करके कहाँ पहुँच जाती होंगी ? याद रहे कि किताब बहिश्ती ज़ेवर सिर्फ लड़कियों के लिये लिखी है। चुनाँचे अशरफ अली थानवी लिखता है कि मुद्दत दराज़ से इस ख़्याल में था, कि औरतों को एहतेमाम करके इल्में दीन को उर्दू ही मे क्यूँ न हो ज़रूर सिखलाया जाए। (बहिश्ती ज़ेवर—3) आखिर 1320 हिज़री में जिस तरह बन पड़ा ख़ुदा का नाम लेकर इसको शुरू कर दिया और नाम इसकी मुनासिबत मज़ाक निसवान के बहिश्ती ज़ेवर रखा गया। अपनी आँखों से देख लूँ कि—लड़कियों के दर्स में आमतौर पर ये किताब दाख़िल हो गई है। नाज़रीन खूसूसन लड़कियां,

देखकर ख़ुश हों और मज़ामीन किताबे हिज़ा में उनको ज़्यादा रग़बत हो। (बहिश्ती ज़ेवर, जिल्द–1) चुनाँचे आज तक़वीयतुल ईमान के बाद बहिश्ती ज़ेवर को हर देवबन्दी के घर मे होना ज़रूरी समझा जाता है। तज़ुर्बा कर लें, कि देवबन्दी हो और ये दो किताबें उसके घर में न हों, ये नहीं हो सकता। बल्कि हर देवबन्दी अपनी लड़की को बहिश्ती ज़ेवर जो कई रंगों में छापा गया है, देना लाज़िम समझता है।

102 जियारते शैख, ज़ियारते नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम

''जिन्होंने हज़रत शैख़ (इमदादुल्लाह मुहाजिर मक्की रह.) को देखा, गोया उन्होंने हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को देखा और जिन्होंनें मौलाना से हदीस पढ़ी गोया उन्होंने हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से पढ़ी।'' (क़ससुल अबकार सफ़ा–100 मतबुआ इदारा तालीफात अशरफ़िया तहरीर : अशरफ अली थानवी) बिला तब्सरह।

103 तबलीग़ी जमाअ़त के कारकुनो का मक़ाम

तबलीग़ी जमाअत के बानी मौलवी इलियास साहब तबलीग़ी जमाअत के कारकुनो का अम्बिया अलैहिमुस्सलाम से मुआज़ना करते हुए लिखते हैं ''अगर हक़ तआ़ला किसी को लेना नहीं चाहते तो चाहे अंबिया अलैहिमुस्सलाम भी कितनी ही कोशिश करे तब भी ज़र्रा नही हिल सकता, और करना चाहे तो तुम जैसे ज़ईफ़ (कमजोर/बूढ़ा) से वो काम ले लें जो अंबिया अलैहिमुस्सलाम से भी न हो सके'' (मकातिबे इलियास, सफ़ा–107 तहरीर : मौलवी इलियास)।

104 मौलवी इलियास मिस्ल अंबिया अलैहिमुस्सलाम

''कुनतुम खैर उम्मत की तफ़सीर ख़्वाब में इलक़ा हुई कि तुम मिस्ल अंबिया अलैहिमुस्सलाम, लोगों के वास्ते ज़ाहिर किये गये हो''। (अलमलफुजाते इलियास, सफ़ा–51, तहरीर : मौलवी इलियास)।

105 नबीए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर इल्ज़ाम तराशी

''और क़ब्ल अलदख़ूल (आपस में हम बिस्तरी से पहले) तलाक़ दो तो उस औरत पर इद्दत लाज़िम न होगी जैसा कि ज़ैनब को तलाक़ अलदख़ूल दी गई और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने उनसे बिला इद्दत निकाह कर लिया'' (बलग़तुल हैरान सफ़ा–267 तहरीर –मौलवी हुसैन अली)।
तब्सरह : ये सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की ज़ाते बरकात पर इल्ज़ाम तराशी करते हुए संगीन ग़ुस्ताखी का मुर्तक़िब हुआ है। हालाँकि हदीस शरीफ़ में है–''हजरते अनस रदिअल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि जब हज़रते ज़ैनब रदिअल्लाहु तआला अन्हा की इद्दत पूरी हो गई तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने हज़रते ज़ैद रदि अल्लाहु तआला अन्हु से फरमाया–कि तुम जैनब को मेरी तरफ से निकाह का पैग़ाम दो (सहीह मुस्लिम शरीफ़) हदीस शरीफ़ की रौशनी में मालूम हुआ कि देवबंदी मौलवी तो इमामुल अम्बिया पर भी इलज़ाम तराशी से बाज़ नहीं आते।

106 नबीए करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से कमाल मुशाबिहत

''आप (सैयद अहमद) की ज़ाते वाला सिफ़ात इब्तदाए फितरत से जनाबे रिसालत मआ़ब सल्लल्लाहु अ़लैहि वसल्लम की कमाल मुशाबेहत पर पैदा की गई थी''। (सिराते मुस्तक़ीम सफ़ा–4 तहरीर : मौलवी इस्माईल देहलवी)

107 अपने वालिद साहब, इमाम हसन व इमाम हुसैन रदिअल्लाहु अन्हुम से भी आला

हज़रते इमाम हसन रदिअल्लाहु अन्हु को सात साल की उम्र में तेरह हदीसें याद थीं .... हज़रत इमाम हुसैन रदिअल्लाहु अन्हु को छः साल की उम्र में आठ हदीसें याद थी। मेरे वालिद

साहब का जब दूध छुड़ाया गया तो पाव पारा हिफ़्ज़ हो चुका था। (फ़ज़ाइले आमाल सफ़ा–209 ता 211 मतबुआ मकतबा रहमानिया लाहौर, तहरीर : मौलवी ज़करिया)

108 नबूबत के लिए देवबन्दियों और मिरजाइयों में खाना जंगी

देवबन्दियों के शैखुल तफसीर मौलवी अहमद अली लाहौरी रक़्मतराज़ हैं ''मिर्जा ग़ुलाम अहमद . कादयानी असल में नबी ही थे लेकिन मैने उनकी नबूवत कशीद कर ली और ये नबूवत अब मुझे वही की मुनफअतों (फ़ायदों) से नवाज रही है। (तजल्ली देवंबद जनवरी 1957) (अ़इज्जा) काश हम हर माँ नसीब कुतुबुल आफ़ताब (मौलवी अहमद अली लाहौरी) की पैगँबराना सुहबत से मुस्तफीद होते (फ़ायदा उठाते) (खुद्दामुद्दीन लाहौरी 20 अप्रैल 1962 ई. सफा–8) (अ़इज़्ज़ा) रूखे अल्लामा अहमद अली की हर तजल्ली मे, नबूवत के सिराजे इल्म की तनवीर देखी (खुद्दामुद्दीन लाहौरी 24 मई 1962 ई.)।

109 देवबंदी धरम में हिन्दुओं वाले नाम रखना जाइज़ है

मौलवी अताउल्ला बुखारी ने दीनाजपुर जेल में पंडित कृपाराम ब्रह्मचारी ज़ाहिर किया और इस नाम से अपने अहबाब को ख़त लिखे (अताउल्ला शाह बुखारी सफा–37)।

सुनों मैं (अहमद अली लाहौरी) कहता हूँ कि अगर तुम अपना नाम माधौसिंह गंगाराम रखवाओ, नमाज़ पंजगाना अदा करो, ज़कात पाई–पाई गिनकर दो ह़ज फर्ज़ है तो करके आओ और पूरे रमज़ान के तीसों रोज़े रखो तो मैं फतवा देता हूँ कि तुम पक्के मुसलमान हो। (खुद्दामुद्दीन लाहौरी 22 फरवरी 1964 ई.)।

110 नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की निसबत से नाम रखना शिर्क

''अब्दुन्नबी, अब्दुर्रसूल, अली बख्श, हुसैन बख्स नाम रखना शिर्क है। (बहिश्ती ज़ेवर सफ़ा–145 अज़ अशरफ अली थानवी)

111 अवाम का एतक़ाद या गधे का उ़ज़्व मखसूस

''अवाम के एतक़ाद के लिए कमालात के इज़्हार पर हज़रत मौलाना मोहम्मद याकूब साहब इस एतकाद की एक मिसाल बयान फरमाया करते थे। है तो फहिश मगर बिलकुल चस्पाँ फरमाया करते कि अवाम के अक़ीदे की बिलकुल ऐसी हालत है जैसे गधे का अज़ुए मखसूस बढ़े तो बढ़ता ही चला जाये और जब ग़ायब हो तो बिलकुल ही नहीं वाक़ई अजीब मिसाल है'' (मलफूजात हक़ीमुल उम्मत ज़िल्द–3, सफ़ा–255 अशरफ थानवी)

112 और जब इस्तेन्जा के ढेले सोना बन गये

फरमाया कि शाह अब्दुर्रज़्ज़ाक साहब झुन्झानवी के साहबज़ादे को कीमिया का शौक था एक मर्तबा शाह साहब इस्तिन्जा फरमा रहे थे और ये साहबज़ादे कुछ दवाईयाँ कीमिया की लिए हुये खड़े थे। बाद फ़रागे़ ढेला पत्थर पर मारा, पत्थर सोना हो गया। एक सुनार उसमें से कुछ काटकर ले गया फिर शाह साहब ने फरमाया कि भाइ अगर कोई इसको काटकर ले गया गया तो नमाजियों को तकलीफ होगी फिर दोआ की वह पत्थर हो गया (मलफुज़ात हकीमुल उम्मत, ज़िल्द–18, सफ़ा–136 अशरफ अली थानवी)।

113 कालेजो में मीलादुन्नबी वाजिब और बाक़ी जगह बिदअत

मौलूद शरीफ (यानी मीलादुन्नबी) और जगह तो बिदअत है मगर–कालेज में जाइज़ बल्कि वाजिब है क्यूँकि इस बहाने से वो कभी रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का ज़िक्र शरीफ़ और आपके फज़ाइल व मोज़ेज़ात सुन लेते हैं तो अच्छा है। इसी तरह हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की

अज़मत व मुहब्बत उनके दिलों में क़ाएम रहे। (मलफुज़ाते हकीमुल उम्मत ज़िल्द–21, सफ़ा–326 अशरफ अली थानवी)

114 औरतो की फरज (छोटे पैशाब वाली जगह) मीठी थी न कड़वी–देवबन्दिओं के रँगीन मिजाज़ हकीमुल उम्मत

एक सिलसिलए ग़ुफ्तगू में मौलवी थानवी साहब ने फरमाया–मकतब के लड़कों ने हाफिज़ जी को निकाह की तरग़ीब दी, कि हाफिज़ जी निकाह कर लो बड़ा मजा है। हाफिज़ जी ने कोशिश करके निकाह किया और रात भर रोटी (फरज के साथ) लगा–लगाकर खाई। मज़ा क्या ख़ाक आता ? सुबह लड़कों पर ख़फा होते हुए आये कि सारे कहते थे कि बड़ा मजा है। हमने रोटी लगाकर खाई तो न नमकीन मालूम हुई न मीठी न कड़वी। लड़को ने कहा–हाफिज़ जी मारा करते हैं। आई शब हाफिज़ जी बेचारी को ख़ूब ज़दो–कूब किया, दे जूता–दे जूता। तमाम मुहल्ला जाग उठा और जमा हो गया और हाफिज़ जी को बुरा–भला कहा। फिर सुबह को आये और कहने लगे सिर्रो ने दिक कर दिया। रात हमने मारा भी कुछ मज़ा न आया और रूसवाई भी हुई। तब लड़कों ने खोलकर हक़ीक़त बयान की, के मारने से ये मुराद है। अब जो शब आई तब हाफिज़ जी को हक़कीत मुन्कशिफ़ हुई। सुबह जो आये तो मुँछ का एक एक बाल खिल रहा था और खुशी में भरे हुए थे। (मलफुज़ाते हकीमुल उम्मत ज़िल्द–6, सफ़ा–121)

115 हिन्दू ग्यारहवीं दे तो सुन्नत और मुसलमान दे तो गुनाह

अशरफ अली थानवी साहब ने फरमाया कानपुर में एक हिन्दू ग्यारहवीं देता था। मुझसे एक आदमी ने पूछा, मैनें कहा–इसके लिए जाइज़ है। उसकी ग्यारहवीं पर फातिहा दिलाया करो, मुसलमान के लिए तो गुनाह है और उसके लिए सुन्नत है। एक शख़्स की एक बात बड़ी पसंद आई उसने कहा मौलूद शरीफ़ (मीलादुन्नबी) देवबंद और थाना भवन में बिदअत है और अलीगढ़ कालेज में इबादत है। (मलफुज़ाते हकीमुल उम्मत ज़िल्द–15, सफ़ा–182 अज़ अशरफ अली थानवी)

116 कुरआन पर पेशाब अच्छा ख्वाब है। अल्लाह तुझे बेटा देगा

एक शख़्स मौलाना शाह अब्दुल अज़ीज़ के पास रोते हुए आये। हज़रत ने फरमाया क्या बात है ? उसने कहा मैनें ऐसा ख्वाब देखा कि मुझे अंदेशा है कि मेरा ईमान न जाता रहे। हज़रत ने फरमाया बयान तो करो ! उन साहब ने कहा मैनें देखा कि .कुरआन पर पेशाब कर रहा हूँ। हज़रत ने फरमाया ये तो बहुत अच्छा ख़्वाब है। तुम्हारे लड़का पैदा होगा और हाफ़िज़ होगा।(मलफुज़ाते हकीमुल उम्मत ज़िल्द–15, सफ़ा–182 अज़ अशरफ अली थानवी)

117 सफेद झूठ

''अकाबिर की हक़ परस्ती के ज़ेरे उनवान लिखते हैं –''फरमाया हज़रत मौलाना गंगोही ने एक बार मौलवी याहया साहब से फरमाया कि बरेली से जो रिसाला आये हैं वह मुझको सुनाना ताकि जो बात हमारे अन्दर ग़लती की हैं, उससे रूजू कर लें। उन्होंने कहा उनमें गालियों के सिवा क्या है ? इससे अन्दाजा हो सकता है हमारी हक़ परस्ती का, कि अपने दुश्मन के सही क़ौल को क़बूल करने को तैयार हैं। (मलफुज़ाते हकीमुल उम्मत ज़िल्द–14, सफ़ा–146 अज़ अशरफ अली थानवी)

तब्सरह : जबसे देवबंदियों ने ये ग़ुस्ताखाना किताबें लिखी हैं, **उलमा ए** अहले सुन्नत उनके वाहियात **अक़ाइद** को बयान करके उन्हें समझा रहे हैं। लेकिन उन्होंने किसी एक अक़ीदे से भी रूजू (तौबा) नही किया बल्कि अपने उलमा के ग़लत **अक़ाइद** के तहफ़्फ़ुज़ में सफहों के सफहे काले कर दिए और आला हज़रत को वहाबियों, देवबंदियों के ग़लत **अक़ाइद** की निशानदही पर अल शहाबुल साकिब में

मौलवी हुसैन अहमद मदनी ने 6000 से ज़्यादा गालियाँ देकर गालियों का आलमी रिकार्ड कायम किया। खुदा महफ़ूज़ रखे हर बला से, खुसूसन वहाबियों की इस वबा से।

मुनाफिक़ों की चन्द निशानियाँ

- हुज़ूर नबीये अकरम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम माले ग़नीमत तक़सीम फरमा रहे थे। तो ज़ुलखुवैसरा ने कहा या रसूलुल्लाह अ़दल कीजिए। हुज़ूर ने फरमाया—तुझे ख़राबी हो, मैं न अदल करूगाँ तो अदल कौन करेगा ? हज़रत उमर रदिअल्लाहु तआला अन्हु ने अर्ज़ किया—मुझे इजाज़त दीजिए कि इस मुनाफिक़ की गर्दन मार दूँ। हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि इसे छोड़ दो। इसके और भी हमराही हैं कि तुम उनकी नमाजों के सामने अपनी नमाजों को और इनके रोजों के सामने अपने रोजों को हक़ीर देखोगे। वो .क़ुरान पढ़ेगें और इनके गलों से न उतरेगा, वो दीन से ऐसे निकल जाएगें जैसे तीर शिकार से (सहीह बुखारी व मुस्लिम शरीफ)
- हुज़ूर नबीए अक़रम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि मेरी उम्मत में इख्तिलाफ़ और इफ्तिराक़ के वाक़े होना लाज़िम हो चुका है। बस इस सिलसिलें में एक गिरोह निकलेगा जिसकी बातें बज़ाहिर दिलफरेब और खुशनुमा होंगी लेकिन क़िरदार ग़ुमराहकुन और ख़राब होगा। वो .कुरआ़न पढ़ेगें लेकिन .कुरआ़न उनके हलक़ के नीचे नहीं उतरेगा। वो दीन से ऐसे निकल जाऐगें जैसे तीर शिकार से निकल जाता है। जैसे खाली छूटा तीर फिर वापस नहीं लौट सकता ऐसे ही फिर दीन की तरफ वापसी इन्हें नसीब न होगी, यहाँ तक के तीर अपने कमान की तरफ लौट आये। वह अपनी तबीअत और शरसत के लिहाज़ से बदतरीन मखलूक़ होंगे। वह लोगों को .कुरआ़न और दीन की तरफ बुलाएंगें हालाँकि दीन से उनका कुछ भी ताल्लुक न होगा। जो उन्हें क़त्ल करेगा, वह अल्लाह का मुक़र्रब तरीन बन्दा होगा। सहाबाए कराम ने अर्ज़ की उनकी ख़ास निशानी क्या हैं ? इर्शाद हुआ—सर मुन्डाना (मिश्कात शरीफ रावी—हज़रत अबू सईद खुदरी रदि अल्लाहु अन्हु व हज़रत अनस रदिअल्लाहु अन्हु)
- इसी मज़मून की एक और हदीस बुख़ारी शरीफ़ मे हज़रत अली रदिअल्लाहु अन्हु से मरवी है। जिसमें नबीए पाक, सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का ये फरमान शामिल है कि आख़िर ज़माने में नौउमर और कम समझ के लोगों की एक जमाअ़त निकलेगी। बातें वो बज़ाहिर अच्छी करेंगे लेकिन ईमान उनके हल्क़ से नीचे न उतरेगा। (बुख़ारी शरीफ़)
- नबीए आखिरूज़्ज़मा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया—आख़िर ज़माने में कीड़े मकोड़े की तरह हर तरफ मौलाने फट पड़ेंगे। तुममें से जो शख़्स वह ज़माना पाये तो उसे चाहिए कि उनसे ख़ुदा की पनाह माँगे।
- नबी पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया—आख़िर जमाने में एक कौम निकलेगी, चढ़ती जवानी वाले, अक़्ल से कोताह, जबानों से .क़ुरआ़न पढ़ेंगे, गले से नीचे न उतरेगा। क़ाला—क़ाला (कहा—कहा) रसूलुल्लाह की रट लगाऐंगे, दीन से ऐसे निकले होंगे जैसा कि तीर शिकार से (कन्जुल आ़माल)।
- हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रदि अल्लाहु तआला अन्हु इन लोगों को अल्लाह की तमाम मख़लूक़ मे बहुत बुरी निगाह से देखते थे और फरमाया— कि बेशक ये लोग ऐसी आयतों को जो कुफ्फार के मुताल्लिक नाजिल हुयी है, उन्हें अहले ईमान पर चस्पा करेगें। (बुखारी शरीफ)

    अल्लमा फैज अहमद उवैसी फरमाते हैं कि ग़ुस्ताखे रसूल, अज़रूऐ शरीयत वल्द अज़ ज़िना या वल्द अज़ हराम होता है। **तशरीह** करते हुए लिखते हैं कि वालिदुज़्ज़िना वो है, जो अपने बाप के नुत्फ़े से न हो और वलदुल हराम, वो है जो होता बाप के नुत्फे से लेकिन उसकी पैदाइश क़ा हमल उस वक़्त ठहरा हो जब उसके बाप ने नापाकी की हालत में जिमाअ किया हो।

"अहादीसे मुबारका से ग़ुस्ताख़ाने रसूल की अ़लामत का खुलासा'

- नबी पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इल्में ग़ैब पर खुसूसन ऐतराज करना।

- अंबिया अलैहिमुस्सलाम और औलियाए कराम अलैहिमुर्रहमा की शान में बेअ़दबी और ग़ुस्ताखी करना।
- ज़ाहिर में मुत्तक़ी और पहेज़गार ख़ुदातराश और शरीअत पर अमल करने वाले लेकिन अंदर से मुनाफिक़ और चालबाज़।
- बेहतरीन क़िराअत और .कुरआ़न पढ़ने वाले लेकिन .कुरआ़न उनके हलक़ से नीचे न उतरेगा। जैसे .कुरआ़न पाक में नबी पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान बयान करने वाली आयात उन्हें नज़र नहीं आती।
- रोज़े और नमाज़ें लम्बी ताकि दूसरे लोग अनके सामने अपनी नमाजों को हक़ीर समझें।
- बड़ी–बड़ी शख्सियतों को दीनी मुआमलात में ग़ुस्ताखाना अन्दाज़ में टोकना।
- माथा उभरा हुआ और उस पर सियाह रंग के दाग़।
- रूख़सार दोनों तरफ़ से फूले हुए, आखें धँसी हुई, सर के बाल मुंडे हुए ताकि उनके सर, दूसरे मुसलमानों से नुमायाँ हो जाएं।
- तहबन्द या सलवार मोटी पिण्डली तक उठाई हुई ताकि अवाम लोग ख़याल करें कि यही लोग नबीए पाक के सच्चे पैरोकार हैं। मूँछें सफाचट।
- बुतों और मुशरिकों पर उतरने वाली आयात–अंबिया, औलिया और मोमिनों पर चस्पा करेंगें।
- उनकी पार्टी में अकसर उठती जवानी वाले छोकरे होंगे।
- पहले दर्जे के ग़बी (ज़िद्दी और हठधरम) होंगे।